राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 20 जून, 2023

मंगलवार को राजभवन में पश्चिम बंगाल राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सहित उत्तराखण्ड में निवास कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों द्वारा अपनी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित सभी बंगाल के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल की धरती स्वाधीनता के जन जागरण का केंद्र रही है। बंगाल की कला, नृत्य और संस्कृति बेहद समृद्ध है। बंगाल की पवित्र भूमि रविन्द्र नाथ टैगोर, सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद जैसी महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र द्वारा सभी राज्य के स्थापना दिवस को हर राज्य में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जो ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की परिकल्पना को साकार करता है। इस तरह के आयोजन हमें एक–दूसरे राज्य की कला, संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान करते हैं साथ ही अनेकता में एकता हमारी समृद्ध विरासत को दर्शाते है।

इस कार्यक्रम में अपर सचिव श्री राज्यपाल, श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, उप सचिव श्री एन.के. पोखरियाल, अनुसचिव श्री गजेन्द्र नौटियाल, देहरादून दुर्गाबाड़ी सोसाइटी के श्री आर.एस. मोदक, दिलीप चक्रवर्ती सहित पश्चिम बंगाल के समुदाय से जुड़े लोग व राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

..........0..........